## महत्वपूर्ण एवं खास

### सायकिल चला रहे बालक को रेत से भरे ट्रेक्टर ने कुचला, मौत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर शहर में मंगलवार देर शाम ट्रैक्टर के ड्राइवर ने साइकिल चला रहे सातवीं कक्षा के छात्र को चपेट में ले लिया। हादसे में बालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बालक के साथ दौड़ रहा छोटा भाई बाल-बाल बच गया। उसने घटना की जानकारी अपने पिता को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है। मंगला के धुरीपारा में रहने वाले रामकृपाल साहू (40) आटो चलाते हैं। उनका बेटा मुकेश साहू(12) निजी स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की शाम वह घर के पास साइकिल चला रहा था। उसके पीछे छोटा भाई अखिलेश दौड़ रहा था। इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मुकेश की साइकिल को टक्कर मार दी। इससे मुकेश साइकिल से गिरकर ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया। ट्रैक्टर का पहिया बालक के सिर के ऊपर से गुजर गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर वहां से ट्रैक्टर समेत फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि ट्रैक्टर को मोहल्ले में ही रहने वाला नंदन यादव चला रहा था। घटना के बाद वह तेजी से भाग निकला। पीड़ित से मिली जानकारी के बाद पुलिस की एक टीम ड्राइवर के घर पहुंची थी। इस दौरान वह फरार था। पुलिस ड्राइवर की तलाश कर रही है।

### 20 लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद (आरएनएस)।** बलौदा चौकी अंतर्गत अवैध शराब बिक्री के खिलाफ दो लोगों पर कार्रवाई की गई है। दोनों के कब्जे से 10-10 लीटर कुल 20 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम अंतरझोला सडक़ किनारे केना निवासी ठंडा राम यादव को पकड़ा, उनके कब्जे से महुआ शराब 5-5 लीटर कुल 10 लीटर जब्त किया गया। एक अन्य मामले में शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सुकड़ा में सोमारो तांडी (45) को अपने घर की बाड़ी में महुआ शराब बनाते पकड़ा। आरोपी के कब्जे से दो जरीकेन में 10 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आरोपियों को आबकारी एक्ट 34 (2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। संपूर्ण कार्रवाई चौकी प्रभारी बलौदा नसीमुद्दीन खान, प्रधान आरक्षक पंकज बाघ, प्रधान आरक्षक सुभाष कंवर, आरक्षक चंद्रध्वज भोई, मनीष भोई, सुभाष यादव, पेखन माथुर, थनेश्वर मरकाम शामिल रहे।

### रायपुर में सेंट्रल जीएसटी का छापा

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में सेंट्रल जीएसटी की 11 सदस्यीय टीम ने छापेमारी की। रायपुर के पचपेड़ीना का स्थित दो प्रतिष्?ठानों में छापामार कार्रवाई की और दस्तावेजों को खंगाला रहा है। बताया जा रहा है कि कारोबारी के साथ पूछताछ के साथ ही सेंट्रल जीएसटी की टीम ने बड़ी संख्या में इलेक्टानिक डिवाइस और दस्तावेज जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि कारोबारी इलेक्टानिक सहित कई व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। माना जा रहा है कि जीएसटी टीम ने कर चोरी के तहत कार्रवाई की है। फिलहाल सेंट्रल जीएसटी की टीम इस मामले में कोई जानकारी नहीं दे रही है।

### मामूली विवाद को लेकर चाकूबाजी, व्यवसायी घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में फिर मामूली विवाद पर चाकूबाजी का मामला सामने आया है। पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने एक दुकान संचालक पर चाकू से हमला कर दिया। इससे दुकान संचालक घायल हो गया, जिसका उपचार जारी है। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। मामला गोलबाजार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार दुकान संचालक दाउद मोहम्मद खान के ग्राहक ने नयापारा निवासी आरोपी सरफराज के घर के सामने बाइक खड़ी कर दी थी। इसे लेकर सरफराज ग्राहक से गालीगलौज कर रहा था। जब दाऊद ने उसे रोका तो आरोपी ने चाकू से दाउद के सीने में चाकू मार दिया। ?इससे वह घायल हो गया। फिलहाल पुलिस हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# राजधानी में 19 से तीन दिवसीय राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

❒ मंत्री डॉ.टेकाम ने की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का आयोजन राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय के ऑडिटोरियम में 19 अप्रैल से 21 अप्रैल तक किया जाएगा। राष्ट्रीय महोत्सव का उद्घाटन 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे तथा समापन 21 अप्रैल को राज्यपाल अनुसुईया उइके के मुख्य आतिथ्य में होगा। राष्ट्रीय स्तर के तीन दिवसीय आयोजन में राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव, राज्य स्तरीय जनजातीय नृत्य प्रदर्शन और राज्य स्तरीय कला एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह आयोजन आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया गया है।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज अपने निवास कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री डॉ.टेकाम ने कहा कि इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान राज्य के विभिन्न अंचलों के जनजातीय समुदाय के प्रबुद्ध व्यक्तियों, समाज प्रमुखों, साहित्यकारों एवं कला मर्मज्ञों को भी आमंत्रित किया जाए। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बस्तर बैंड का प्रदर्शन, बाल कलाकार सहदेव नेताम और जनजातीय नृत्य मुख्य आकर्षक होंगे। साहित्य सम्मेलन को पद्म साहित्यकार हलधर नाग भी सम्बोधित करेंगे। बैठक में सचिव आदिमजाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास डी.डी. सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

समकालीन साहित्य परिचर्चा

राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव की तैयारियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि समारोह आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशभर में पारम्परिक एवं समकालीन साहित्य से परिचय तथा आधुनिक संदर्भ में उनके विकास की स्थिति ज्ञात करना है। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य में जनजातीय साहित्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे शोधार्थियों, साहित्यकारों, रचनाकारों को मंच प्रदान कर जनजातीय साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करना है।

राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव को दो भागों- शोधपत्र पठन और वरिष्ठ साहित्यकारों के साथ परिचर्चा में विभाजित किया गया है। शोधपत्र पठन के अंतर्गत देशभर से जनजातीय साहित्य पर आधारित शोध पत्र राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों, विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के माध्यम से आमंत्रित किए गए हैं। इसी प्रकार वरिष्ठ साहित्यकारों के साथ परिचर्चा में देशभर के जनजातीय साहित्य से संबंधित विभिन्न विषयों के स्थापित एवं नवोदित साहित्यकारों को आमंत्रित कर जनजातीय परम्परा में साहित्य तथा वर्तमान स्थिति, जनजातीय कथाएं, जनजातीय कविताएं, पुरखा साहित्य आदि पर परिचर्चा कराई जाएगी। इसके फलस्वरूप जनजातीय साहित्य की विभिन्न विधाओं की जानकारी के साथ ही इसमें विभिन्न रचनाकारों द्वारा किए जा रहे साहित्य सृजन के अभिनव प्रयासों से आम तथा सुधीजन परिचित हो सकेंगे, जो जनजातीय साहित्य के संरक्षण एवं विकास में उपयोगी होगा।

**जनजातीय विषयों के लेखक और शोधार्थियों का संगम**

साहित्य महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से जनजातीय विषयों पर लेखन कार्य करने वाले जनजातीय एवं गैरजनजातीय स्थापित एवं विख्यात साहित्यकारों, रचनाकारों, विश्वविद्यालयों के अध्येताओं, शोधार्थियों, विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। अब तक 80 शोधपत्र प्राप्त हो चुके हैं। शोध पत्रों के सारांश को पुस्तक आकार देने प्रकाशन की तैयारी चल रही है। शोधार्थियों को कार्यक्रम में शोध पढऩे के लिए आमंत्रण भेजा जा चुका है। वरिष्ठ साहित्यकारों और विद्वानों के साथ परिचर्चा के लिए देश के विभिन्न जनजातीय राज्यों एवं विश्वविद्यालयों से लगभग 28 प्रोफेसरों एवं साहित्यकारों की सहमति प्राप्त हो चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य के भी विद्वान जो महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं जनजातीय क्षेत्रों में है, उनको भी आमंत्रित किया गया है।

साहित्य महोत्सव के अंतर्गत कला एवं चित्रकला प्रतियोगिता तीन आयु वर्गों में चित्रकला प्रतियोगिता के लिए राज्यभर के प्रविष्टियां आमंत्रित हो गई हैं। अब तक तीनों आयु वर्गो में 100 प्रविष्टियां प्राप्त हो गई हैं।

## मुख्यमंत्री बघेन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की

❒ नक्सल प्रभावित जिलों को दिए जाने वाली विशेष सहायता राशि फिर से शुरू करने का आग्रह किया

❒ बघेल ने राज्य को दिया जाने वाला जीएसटी क्षतिपूर्ति जारी रखने का अनुरोध किया

❒ गृहमंत्री ने नक्सल मोर्चे पर छत्तीसगढ़ को हरसंभव मदद का दिया आश्वासन



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य रूप से जीएसटी प्रणाली से राज्य के संसाधनों पर हुए असर तथा नक्सल समस्या से जुड़े नीतिगत विषयों पर गृहमंत्री से विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचार सुविधा बढ़ाने, बस्तर में सीआरपीएफ की दो और बटालियन की तैनाती, बस्तरिया बटालियन के गठन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। जिस पर गृह मंत्री ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ के 7 नक्सल प्रभावित जिलों को दिए जाने वाली विशेष सहायता राशि को फिर से शुरू करने का आग्रह किया है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीएसटी क्षतिपूर्ति का मुद्दा भी उठाया। बघेल ने कहा कि राज्यों को दिया जाने वाला जीएसटी क्षतिपूर्ति बंद करने पर राज्य की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। नक्सल प्रभावित राज्यों में विकास कार्य के लिए राशि नहीं मिलेगी तो इसका काफी असर पड़ेगा। इस पर भी सहानुभूति पूर्वक विचार का आग्रह किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बस्तर अंचल में लौह अयस्क प्रचुरता से उपलब्ध है। यदि बस्तर में स्थापित होने वाले स्टील प्लांट्स को 30 प्रतिशत डिस्काउन्ट पर लौह अयस्क उपलब्ध कराया जाए, तो वहां सैकड़ों करोड़ का निवेश तथा हजारों की संख्या में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर निर्मित होंगे। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक क्षेत्रों के कारण बड़े भाग में अभी तक ग्रिड की बिजली नहीं पहुंच पाई है। सौर उर्जा संयंत्रों की बड़ी संख्या में स्थापना से ही आमजन की उर्जा आवश्यकता की पूर्ति तथा उनका आर्थिक विकास संभव है। मुख्यमंत्री ने वनांचलों में लघु वनोपज, वन औषधियां तथा अनेक प्रकार की उद्यानिकी फसलें के प्रसंस्करण एवं विक्रय की व्यवस्था के लिए कोल्ड चेन निर्मित करने अनुदान दिये जाने का आग्रह किया।

बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल ने नक्सल प्रभावित ज़िलों के विकास से जुड़े मुद्दों रखे। इस दौरान उन्होंने आजीविका विकास, नक्सल क्षेत्रों में बैंकों, सडक़ें, आधारभूत संरचना के विकास संबंधी मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। इस बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा भी शामिल रहे।

## धान खरीदी में गड़बड़ी : चार के खिलाफ एफआईआर

❒ जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर कलेक्टर मुंगेली ने की कार्रवाई

**रायपुर (आरएनएस)।** धान खरीदी और बारदाने की अफरा-तफरी के मामले में कलेक्टर मुंगेली के निर्देश पर हथनीकला धान खरीदी केन्द्र के चार कर्मियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। यह धान खरीदी केन्द्र पथरिया ब्लाक में आता है। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में इस केन्द्र में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर एसडीएम पथरिया ने मामले की जांच की। जिसमें उक्त खरीदी केन्द्र में 1298.40 क्विंटल धान एवं 20570 नग बारदाने की कमी का मामला पकड़ में आया था। इसके चलते धान खरीदी केन्द्र हथनीकला के प्रभारी अजय सिंह, तात्कालिक केन्द्र प्रभारी जयप्रकाश साहू, प्रभारी संस्था प्रबंधक किशुन वास एवं कम्प्यूटर ऑपेरटर विजय सिंह के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। कलेक्टर अजीत वसंत ने हथनीकला केन्द्र में गड़बड़ी की शिकायत को गंभीरता से लिया और पथरिया अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को जांच के निर्देश दिए। जिसके परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने राजस्व, सहकारिता, खाद्य, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों की दल गठित कर जांच की गई।

## चिटफंड कंपनी निर्मल इन्फ्राहोम कार्पोरेशन की खरोरा स्थित जमीन की नीलामी

❒ लगभग 14 लाख रूपये की संपत्ति साढ़े 51 लाख रूपये से अधिक में हुई नीलाम

**रायपुर (आरएनएस)।** चिटफंड कंपनियों में अपनी मेहनत का पैसा निवेश करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के बाद चिटफंड कंपनियों पर प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गई है। रायपुर जिले में आज चिटफंड कंपनी निर्मल इन्फ्राहोम कार्पोरेशन की कुर्क की गई संपत्ति की नीलामी हुई। चिटफंड कंपनी निर्मल इन्फ्राहोम कार्पोरेशन की रायपुर जिले के खरोरा की 0.834 हेक्टयर भूमि की आज नीलामी की गई। यह जमीन बाजार मूल्य से लगभग साढ़े तीन गुना से अधिक दर पर नीलाम हुई। जमीन को रायपुर के अमित अग्रवाल ने 51 लाख 51 हजार रूपये की बोली लगाकर खरीदा। इस संपत्ति की नीलामी से मिली राशि को प्रशासन द्वारा कंपनी के निवेशकों को वापस लौटाया जाएगा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने चिटफंड कंपनी निर्मल इन्फ्राहोम कार्पोरेशन की खरोरा गांव स्थित भूमि को कुर्क किया था। इसके बाद जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से आदेश जारी कर भूमि को नीलाम करने के लिए तहसीलदार खरोरा को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। नीलामी की कार्रवाई तहसील कार्यालय प्रांगण में हुई। इसके पहले पूरे प्रकरण को तहसीलदार द्वारा शासकीय प्रक्रिया अनुसार दर्ज किया गया था।

## जलजीवन मिशन के कार्यो को समय-सीमा में करे पूर्ण-कलेक्टर

❒ 08 अप्रैल को गौठान पहुंच कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय अधिकारी करेंगे गौठानों का भ्रमण

❒ कलेक्टर रानू साहू ने समय सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**कोरबा।** कलेक्टर रानू साहू ने जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये है। उन्होने कलेक्टोरेट सभा कक्षा में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने के कार्य में प्रगति लाने और कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर साहू ने जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूल-छात्रावास भवनो में शत-प्रतिशत रनिंग वाटर फैसिलिटी प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिलें में अभी तक हुए कार्यो के प्रगति की समीक्षा की उन्होने मिशन के अंतर्गत कार्यो को शत प्रतिशत पूर्ण करने और कार्यो की मानिटरिंग करने के निर्देश जिला पंचायत सी.ई.ओं को दिये। कलेक्टर साहू ने राजस्व विभाग के समीक्षा के दौरान लंबित राजस्व प्रकरणों और उनके निराकरण की अद्यतन जानकारी एसडीएम, तहसीलदार से ली। उन्होंने कहा कि लोगों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण से संबंधित परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने नागरिकों के नामांतरण, बंटवारा,सीमांकन खाता विभाजन, बटांकन पेंशन, राशन आदि आवेदनों का भी समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नक्शा बटांकन, अविवादित नामांतरण आदि के लंबित प्रकरणों को तहसीलदारो, राजस्व निरीक्षक और पटवारियो की संयुक्त टीम बनाकर समय-सीमा में प्रकरणो को निराकृत करने के भी निर्देश दिये। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में एडीएम सुनील नायक, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय सहित सभी विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।

## मुआवजा को लेकर रेल कॉरिडोर के प्रभावितों ने शुरू किया प्रदर्शन



**कोरबा।** गेवरा-पेण्ड्रारोड रेल कॉरिडोर का काम शुरू हो गया है। इसके लिए अर्जित की गई जमीन से संबंधित भूविस्थापितों के मामले अटके हुए हैं। समस्याओं के यथावत रहने से प्रभावित पक्ष ने धरना प्रदर्शन शुरू किया है। रेल लाइन के किनारे इन लोगों ने हल्ला बोलते हुए रेलवे को जगाने का प्रयास किया है।

कोरबा जिले से खासतौर पर कोयला लदान को और ज्यादा बढ़ाने के लिए रेलवे के द्वारा कई स्तर पर काम किया जा रहा है। इसी सिलसिले में गेवरा से पेण्ड्रा रोड रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट को पिछले वर्षों में मंजूर किया गया और अब इस पर प्राथमिक निर्माण शुरू कर दिया गया है। इधर प्रोजेक्ट से विस्थापित लोगों की समस्याएं दूर नहीं हो सकी है। बार-बार रेलवे का ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, इसलिए उन्होंने एक संगठन का साथ लेकर प्रदर्शन शुरू किया है। आठ दिन से उनका धरना कृष्णानगर दीपका क्षेत्र में चल रहा है। आम आदमी पार्टी इस मामले को लेकर आगे आई और उसने भी प्रभावितों के पक्ष में मोर्चा खोल दिया। आज ही तय किया गया कि एक बार फिर मुख्यमंत्री, कलेक्टर और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से पत्राचार किया जाएगा और उन्हें वस्तुस्थिति की जानकारी दी जाएगी। बताया गया कि कृष्णानगर दीपका इलाके में इस प्रोजेक्ट की वजह से 16 परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्हें जमीन, बाड़ी और कुआं का मुआवजा तत्काल दिया जाए। तर्क दिया जा रहा है कि यह इलाका रेलवे क्षेत्र से घिरा हुआ है इसलिए पूरे हिस्से का अधिग्रहण किया जाना चाहिए। तीन दशक से अधिक समय से जो लोग यहां पर काबिज हैं उनकी परिसंपत्ति का सर्वे करने के साथ व्यवस्थापन करने की व्यवस्था हो। खबर मिली है कि अब तक की स्थिति में प्रभावितों को 18 लाख रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया गया है जबकि रेलवे एक्ट के हिसाब से यह राशि 25 लाख रुपए होती है। इसलिए पुनरीक्षित दर पर क्षतिपूर्ति का भुगतान करने की व्यवस्था होनी चाहिए।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## बालको अस्पताल में सर्वाइकल स्पाइन की जटिल सर्जरी संपन्न



**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के अस्पताल में गर्दन की हड्डी (सर्वाइकल स्पाइन) की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक सिन्हा और उनकी टीम ने पहली बार बालको अस्पताल में हुई इस महत्वपूर्ण सर्जरी के जरिए आईटीआई रामपुर निवासी 40 वर्षीय महिला के हाथों में आई संवेदनहीनता की स्थिति को दूर करने में कामयाबी पाई। ऑपरेशन के बाद मरीज बालको अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। उनके परिवारजनों ने बालको अस्पताल की सुविधाओं और चिकित्सकों व चिकित्साकर्मियों के व्यवहार की दिल खोलकर प्रशंसा की है।

डॉ. सिन्हा ने बताया कि मरीज अपने घर में सीढ़ी से फिसलकर घायल हो गई थीं। परिवारजनों ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद स्थिति में सुधार न होते देख कोरबा के न्यूरोसर्जन डॉ. प्रदीप त्रिपाठी से संपर्क किया। विस्तृत जांच और मरीज की जटिल स्थिति देखकर डॉ. त्रिपाठी ने उन्हें बालको अस्पताल रेफर कर दिया। बालको अस्पताल में हुए परीक्षणों मेंयह पाया गया कि गर्दन की हड्डियों सी5-सी6 में लिसथिसिस और सी6-सी7 में डिस्क प्रोलैप्स की समस्या उत्पन्न हो गई थी। मरीज के स्पाइनल कॉर्ड में दबाव से हाथोंके संचालन पर विपरीत प्रभाव पड़ा। यह स्थिति भी आई कि मरीज के हाथों की संवेदना लगभग समाप्त हो गई। वह मु_ी बांधने, चीजों को पकडऩे और रोजमर्रा के अन्य कार्य करने में असमर्थ हो गईं।

न्यूरोसर्जन डॉ. त्रिपाठी के सहयोग से बालको अस्पताल में लगभग 4 घंटे की सर्जरी की गई। इस दौरान इलियक क्रेस्ट बोन ग्राफ्टिंग यानी कुल्हे की हड्डी को सही आकार देकर गर्दन की क्षतिग्रस्त हड्डी के स्थान पर लगाया गया। इसके साथ ही टाइटेनियम स्पेसर की मदद से डिस्क प्रोलैप्स की स्थिति को ठीक किया गया। डॉ. सिन्हा ने बताया कि बालको अस्पताल में पहली बार हुई यह सर्जरी 100 फीसदी सफल रही। ऑपरेशन के बाद अब मरीज अपने हाथों का संचालन ठीक से कर पा रही हैं। डॉ. सिन्हा ने यह भी बताया कि बालको अस्पताल में ट्रॉमा सर्जरी के अलावा अब घुटना प्रत्यारोपण, कुल्हे के प्रत्यारोपण आदि के साथ मेरूदंड से संबंधित सर्जरी किए जा रहे हैं जिससे बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है।

मरीज के परिवारजनों ने बताया कि बालको अस्पताल की सुविधाएं उत्कृष्ट हैं। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार आ रहा है। अस्पताल के चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों का व्यवहार मरीजों और उनके परिवारजनों के प्रति बेहतरीन है। बालको अस्पताल की सेवाओं से वह और उनके परिवारजन पूरी तरह संतुष्ट हैं।